हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, जून 25, 2024

10 लड़कों की अंडर 17 आयु वर्ग की ग्रीको रोमन में



11 कर्मचारियों ने मांगों का समाधान नहीं करने पर...



# पेयजल को लेकर ग्रामीणों और किसान सभा ने कितलाना एवं लघु सचिवालय में किया हंगामा

## ग्रामीणों ने वाटर वर्क्स के सामने अनिश्चितकालीन धरना व भूख हड़ताल की दी चेतावनी

■ ग्रामीण दूर-दराज से पानी लाने और टैंकर से खरीदकर पीने को हैं मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

कितलाना गांव में पिछले कई दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों में जिला प्रशासन, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व राज्य सरकार के खिलाफ भारी रोष है। विरोध स्वरूप सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिलाएं व पुरुषों और किसान सभा के पदाधिकारियों ने खाली मटके लेकर गांव के वाटर वर्क्स पर जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद ग्रामीण महिला पुरुष व किसान सभा के पदाधिकारियों ने खाली मटके लेकर उपायुक्त कार्यालय पर एक घंटे तक जिला प्रशासन व राज्य सरकार के विरोध में भारी प्रदर्शन कर नारे लगाए।

उल्लेखनीय हैं कि काफी समय से गांव में पेयजल की समस्या बनी हुई हैं, जिसको लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं और दूरदराज से पानी लाने व टैंकर से पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। इसी के चलते ग्रामीणों ने किसान सभा के नेतृत्व में पहले गांव के जलघर व बाद में उपायुक्त कार्यालय के बाहर लघु सचिवालय के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने एक घंटे तक लघु सचिवालय का मुख्य गेट बंद रखा और पुलिस मुस्तैद रही। इसके बाद एसडीएम हरबीर सिंह व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता सुनील रंगा आक्रोशित ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उन्हें एक सप्ताह के अन्दर प्रयाप्त पेयजल आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया।






भिवानी। पेयजल समस्या को लेकर कितलाना वाटर वर्क्स पर प्रदर्शन करते ग्रामीण व किसान सभा के सदस्य और पेयजल समस्या को लेकर लघु सचिवालय के बाहर मटका फोड़ प्रदर्शन करती कितलाना की महिलाएं व किसान सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**वाटर वर्कर्स की शुद्ध पानी आपूर्ति की मशीनें खराब:** एसडीएम को ग्रामीणों की तरफ से ज्ञापन देते हुए किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश व सुबेदार सतबीर ने कहा कि गांव के वाटर वर्क्स से गांव में पीने का पानी प्रयाप्त मात्रा में नहीं छोड़ा जा रहा है। वाटर वर्कर्स की शुद्ध पानी आपूर्ति की मशीनें खराब पड़ी हैं, एक पुराने छोटे टैंक में गाद भरी है। वाटर वर्क्स की चारदिवारी टूटी हुई है और अन्दर अवारा पशु गंदगी फैलाते हैं।

### ये रहे मौजूद

विरोध प्रदर्शन में कामरेड ओमप्रकाश, सुबेदार सतबीर सिंह, पूर्व सरपंच समुन्द्र सिंह, जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान सन्तोष देशवाल, कुलदीप धायल, कृष्ण शर्मा, थानेदार नफेसिंह, हरिकिशन जांगड़ा, सोमबीर मलिक, महेन्द्र सिंह, चतरसिंह प्रजापति, मुकेश कितलाना, संतरा, सुदेश, बालादेवी, मायापति, सुनीता व कितलाना के सैंकड़ों महिला व पुरुष शामिल रहे।

### कुछ असामजिक तत्व जलघर परिसर में करते हैं शौच

उन्होंने बताया कि जलघर परिसर में कुछ असामजिक तत्व शौच करते हैं। वाटर वर्क्स में तैनात कर्मचारी ग्रामीणों की समस्या के प्रति गंभीर नहीं हैं। वहीं लोहारों की गली में मंजूर होने के बाद पानी आपूर्ति की लाइन नहीं डाली गई है। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्यायों को ध्यानपूर्वक सुना तथा एक सप्ताह के अन्दर समाधान का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे गांव के वाटर वर्क्स के सामने अभिश्चितकालीन धरना व भूख हड़ताल करेंगे।

### भीषम गर्मी में पेयजल की भारी कमी : फौगाट

**चरखी दादरी।** कांग्रेस के हल्का अध्यक्ष बलजीत फौगाट व कांग्रेस के अन्य पदाधिकारियों के साथ सोमवार को गांव खातीवास, समसपुर, लोहरवाड़ा में कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते हुए कहा कि लगातार तीन महीने से प्रदेश में भारी गर्मी पड़ रही है, जिसकारण नहरों में एक महीने से पानी नहीं आ रहा है, जिसके चलते इस समय शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। शहर व ग्रामीण क्षेत्र के सभी जलघर सूखे पड़े है, वहीं जनता को पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है और गांवों के जोहड़ भी सूख चुके है, जिसकारण पशुओं को भी पीने योग्य पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। फौगाट ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।



बवानीखेड़ा। पानी की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पानी की समस्या को लेकर कस्बावासियों का फूटा गुस्सा

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में पीने के पानी की समस्या से आहत होकर कस्बा के समस्त वार्डों के लोगों ने एकत्रित होकर जलघर कूच किया और वहां पर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की वहीं जेई सचिन कौशिक ने मंगलवार तक पूरी स्थिति सुधारने का आश्वासन दिया। बता दें कि कस्बा के सभी 16 वाडोंर् के पानी की समस्या बनी हुई है लोगों ने टैंकरों के सहारे अपने घरों में पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है लेकिन प्रशासन के ढूलमुल रवैये से भी कस्बावासी दुखी नजर आ रहे हैं। इसी को लेकर समाजसेवी एडवोकेट राजेश सिंधू, जगदंबा महता, अजय वाल्मीकि, हनुमान पारासर, प्रेम गक्खड़, गुलशन शर्मा, महेन्द्र गक्खड़,विकास महता,केशव ठकराल,बलजीत, रमेन टुटेजा, रिंकू, सुनील, सतीश, बाबू, नरेश, सचिन, राजकुमार, हरफूल, राकेश, रमन कुमार, अक्षय कुमार, राजेन्द्र, ज्ञानचंद,सुरेन्द्र आदि दर्जनों लोगों ने जलघर पहुंचकर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता कार्यालय के सामने रोष प्रदर्शन कर शिकायत दी।

### टैंकरों से व्यवस्था को सुधारा जाएगा: कौशिक

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ट अभियंता सचिन कौशिक ने बताया कि आज ही पुराने जलघर से नजदीक के वार्डों में सप्लाई दी जाएगी व कुछ स्थानों पर टैंकरों से व्यवस्था को सुधारा जाएगा। दूसरे जलघर में ट्यूबवेल लगाया जा रहा है मंगलवार तक स्थिति नियंत्रण में होगी और हर घर हर नल तक पानी पहुंचेगा।

## खबर संक्षेप

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जुलाई से

**चरखी दादरी।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त तक न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायधीश नरेश कुमार ने बताया कि सवोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले मामलों से संबंधित पार्टियां यदि विशेष लोक अदालत के सामने रखना चाहती है तो वे 28 जुलाई से पहले स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।

### जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला 27 को

**भिवानी।** जिला रोजगार कार्यालय भिवानी द्वारा 27 जून को कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में श्री श्याम बायो फर्टिलाइजर कंपनी द्वारा साक्षात्कार के आधार पर रोजगार दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी कविता ग्रेवाल ने बताया कि डीसी नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में यह मेला आयोजित हो रहा है। इच्छुक प्रार्थी इस रोजगार मेले में भाग लेकर रोजगार के अवसरों का फायदा उठा सकते हैं। रोजगार मेले में भाग लेने वाले प्रार्थी अपने साथ रोजगार विभाग का पंजीकरण कार्ड, मूल प्रमाण पत्र,आधार कार्ड,योग्यता प्रमाण पत्र लेकर जरूर आएं। यह रोजगार मेला सुबह 10:30 शुरू होगा।

### नसीब भवन निर्माण श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष बने

**चरखी दादरी।** भवन निर्माण श्रमिक संघ संबधित भारतीय मजदूर संघ का जिला अधिवेशन 24 जून को जांगड़ा धर्मशाला दादरी में हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भवन निर्माण श्रमिक संघ प्रदेश महामंत्री रवि कुमार, विभाग प्रमुख व प्रदेश मीडिया प्रभारी विनोद खेड़ा की गरिमामय उपस्थिति रही। विभाग प्रमुख विनोद ने जिले की घोषणा की, जिसमे सर्वसमिति द्वारा जिला चरखी दादरी की कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें जिलाध्यक्ष नसीब, जिला सचिव कोमल, कोषाध्यक्ष सिविल इंजीनियर नवीन यादव, उपाध्यक्ष राजेन्द्र जांगड़ा, उपाध्यक्ष संदीप को सूचना गया। मंच संचालक साहिल नवांकुर ने किया।

# लोहारू में बरसात ने गर्मी से दिलाई निजात

हरिभूमि न्यूजः लोहारू

लोहारू शहर और आसपास के इलाके में सोमवार दोपहर मौसम में परिवर्तन के साथ हुई करीब आधे घंटे झमाझम बरसात ने लोगों को चिलचिलाती गर्मी से काफी राहत प्रदान की। लेकिन इस 8 एमएम बरसात के बाद मौसम साफ हो गया और बाद में उमस ने लोगों को काफी परेशान किया।

यहीं नही उमस भरी गर्मी के बीच मुख्य बाजार में बिजली के लंबे लंबे कटों के कारण लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। बता दें कि पिछले एक पखवाड़े से इलाके के लोग मानसून पूर्व की बरसात की बाट जोट रहे हैं। बरसात नहीं



होने के कारण दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री के आंकड़े को पार कर चुका है और चिलचिलाती गर्मी ने आमजन के साथ साथ मवेशियों भी काफी प्रभावित है। मानसून पूर्व की बरसात नहीं होने से खेतों में कपास की फसल भी सूखने लगी है, ऐसे में सोमवार दोपहर हुई 8 एमएम बरसात ने फसलों को संजीवनी देने का काम किया है। हरे चारे की फसलों को काफी फायदा मिलेगा।

### बच्चों ने की अठखेलियां

बरसात का बच्चों के साथ साथ अनेक युवाओं ने लुफ्त उठाया तथा बरसात की बूंदों के बीच काफी अठखेलियां की। इस बरसात ने आम लोगों को गर्मी से राहत प्रदान की है।

# सरपंच संगठन की कार्यकारिणी भंग

हरिभूमि न्यूज : तोशाम

सोमवार को खंड तोशाम के विभिन्न गांव के सरपंचों की बैठक तोशाम के लोकनिर्माण विश्रामगृह में हुई। बैठक की अध्यक्षता गांव बागनवाला के सरपंच वीरेंद्र ने की। बैठक के दौरान अनेक विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान मौजूद सरपंचों ने सरपंच संगठन तोशाम की पिछली कार्यकारिणी को भंग किया। सरपंचों ने संगठन के सभी पदाधिकारीयों को उनके पदों से निरस्त कर आगामी समय में नई कार्यकारिणी गठित करने का ऐलान किया।

उन्होंने आगामी 1 जुलाई को दोबारा बैठक करने का निर्णय लिया। इस मौके पर तोशाम के सरपंच राजेश तंवर, गांव दांग खुर्द के सरपंच राजेंद्र सिंह, गांव हशान के सरपंच विनोद कुमार, सरपंच पवन छपारिया, बागनवाला के सरपंच वीरेंद्र, खरकड़ी माखवान के सरपंच राजेश, गांव ढाणीमाहू के सरपंच रणवीर सिंह, गांव रोढा के सरपंच रामपाल, दरियापुर सरपंच मुकेश, गांव दुल्हेड़ी सरपंच रामेश्वरदास, गांव ढाणी दरियापुर सरपंच सतबीर सिंह, अलखपुरा सरपंच अभय सिंह आदि मौजूद थे।



■ संगठन की नई कार्यकारिणी होगी गठित

भिवानी। तोशाम खंड के सरपंच संगठन की बैठक में उपस्थित सरपंच। फोटो : हरिभूमि

# कॉलेज की सहमति के बाद होगी फाइनल लिस्ट जारी

हरिभूमि न्यूज भिवानी

पहली बार हायर एजुकेशन विभाग ने दाखिले की सूची को फाइनल टच देने से पहले संबंधित कॉलेज से ओके करवाना होगा। अगर किसी कॉलेज ने सूची में गड़बड़ी जताई तो इस सूची को फिर दुरुस्त किया जाएगा। जब तक संबंधित कॉलेज पॉजिटिव रिपोर्ट नहीं देगा,तब तक लिस्ट फाइनल नही होगी। हालाकि यह प्रक्रिया कॉलेज को उसी दिन करनी होगी। इसी क्रम में हायर एजुकेशन विभाग द्वारा पहली प्रोविजनल लिस्ट 2जुलाई को जारी करेगा। कॉलेज द्वारा ओके रिपोर्ट देने पर तीन जुलाई को फाइनल रिपोर्ट जारी करेगा।इस बारे में हायर एजुकेशन विभाग ने सभी कॉलेजों को लेटर भेजकर सूचित कर दिया।कॉलेज में लगाई काउंटरहायर एजुकेशन विभाग के दाखिले का भेजे गए शेड्यूल के हिसाब से 25जून तक बच्चो के ऑनलाइन पंजीकरण होगे। उसके बाद फार्मों की छटनी का कार्य पूरा होगा। बच्चो के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए कॉलेजों में काउंटर स्थापित किए हैं। उन पर तीन से चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। कंप्यूटर पर हायर एजुकेशन विभाग की साइट पर ऑन लाइन पंजीकरण किया जा रहा हैं। साथ ही स्टूडेंट को पंजीकरण का एक प्रिंटआउट भी दिया जा रहा।पहली सूची तीन जुलाई कोहायर एजुकेशन विभाग ने कॉलेज से ओके रिपोर्ट मिलने के बाद तीन जुलाई को पहली सूची जारी होगी। 4जुलाई को बच्चो को फीस जमा करवानी होगी।इसके अलावा 15जुलाई को बच्चो की फिजिकल काउंसलिंग करवाई जाएगी।क्या कहते प्राचार्यवैश्य कॉलेज के प्राचार्य संजय गोयल ने बताया कि प्रोविजनल सूची से संबंधित जानकारी उनके पास पहुंच गई है।साथ ही उन्होंने बच्चो के दाखिले की तयारी शुरू करवा दी है।



■ हायर एजुकेशन विभाग द्वारा पहली प्रोविजनल लिस्ट 2जुलाई को जारी करेगा।

### उपभोक्ताओं को करवानी होगी ई-केवाईसी

**भिवानी।** पैट्रेलियम विभाग ने गैस-सिलेंडर उपभोक्ताओं के लिए नई गाइड लाइन जारी की है तथा गैस एजेंसी संचालकों को इन नए नियमों की जानकारी जल्द से जल्द प्रत्येक उपभोक्ता तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए है।

इन नए नियमों के तहत अब प्रत्येक गैस उपभोक्ता को अपनी बायोमैट्रिक ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है, ये जानकारी ओउम गैस एजेंसी के संचालक हंसराज ने बताया कि विभाग ने गैस उपभोक्ताओं के लिए बायोमैट्रिक ईकेवाईसी अनिवार्य किया है, जिस नियम को प्रत्येक गैस उपभोक्ताओं का मानना ही है।

# एसएचओ बनकर की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज तोशाम

■ आरोपी सीताराम गर्ग पत्नी कर्मजीत कौर के साथ दुकान पर अकसर समान लेने के लिए आता रहता था

पंजाब के समाना निवासि व्यापारी के साथ विजिलेंस का फर्जी एसएचओ व अन्य पुलिसकर्मी बनकर दस लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। पैसे का लेनदेन तोशाम में बाईपास से हुआ है ऐसे में व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के साथ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की माने तो घटना में स्थानीय व्यक्ति भी शामिल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पंजाब के समाना निवासी व्यापारी अर्पित सिंगला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह भाई अनमोल सिंगला के साथ किचन गैलरी के नाम बर्तनो का रोनक राम बाबू राम फर्म के नाम से पिछले दो साल से व्यापार कर रहा है। उन्होंने बताया है कि आरोपी सीताराम गर्ग पत्नी कर्मजीत कौर के साथ दुकान पर अकसर समान लेने के लिए आते रहे हैं और अच्छी खरीददारी करते रहे हैं। शिकायत में बताया है कि सीताराम दुकान में अक्सर पुलिस की वर्दी पहनकर आता था। सीताराम के साथ कथित गनमैन बिल्ला और नरेन्द्र शर्मा जो अपने आप को सीताराम का सहायक बताता रहा वे दुकान पर आते रहते थे। सीताराम गर्ग अपने आप को विजिलेंस का एसएचओ बताता रहा और बिल्ला को अपना गनमैन बताया और नकली आईकार्ड भी दिखाए। सिंगला ने बताया कि सीताराम गर्ग ने यकीन दिलाया कि उसकी आशाराम बाबा के डेरे के साथ जानकारी है। आरोपी सीताराम गर्ग ने तरह तरह के प्रलोभन देकर लाखों रुपये ले लिए। उसे बाद में ठगी का अहसास हुआ तो पैसे मांगे।

## उपायुक्त को मांगपत्र सौंपकर रिहायशी क्षेत्र में टावर लगाने पर रोक की उठाई मांग

# टावर के विरोध में उतरे संजीव कॉलोनी व ग्वार फैक्ट्री क्षेत्र के लोग

हरिभूमि न्यूज : भिवानी

मोबाइल रेडिएशन से विशेषज्ञों के अनुसार ह्दृयघात, यादाशात जाना, सिरदर्द, बैचेनी, कैंसर व अन्य बीमारियां फैल रही हैं, वहीं मोबाईल टॉवर की रेडीएशन के प्रभाव को लेकर अब लोग जागरूक होने लगे है तथा रिहायशी क्षेत्र में टावर लगाने पर क्षेत्रवासी विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में संजीव कॉलोनी व ग्वार फैक्ट्री क्षेत्र के लोगों ने कॉलोनी के घनी रिहायशी क्षेत्रों में लगने वाले नीजि कंपनी के टॉवर का विरोध जताया और उपायुक्त की अनुपस्थिति में नगराधीश को मांगपत्र सौंपकर मोबाइल टॉवर के कार्य को रोकने की मांग की हैं।

मांगपत्र सौंपते हुए पूर्व सैनिक महेश चौहान व दलबीर उमरा ने कहा कि क्षेत्र मोबाईल टावर का हब बना दिया है, जहां करीबन हर 70 मीटर पर टावर है। ग्वार फैक्ट्री के पीछे घना रिहायशी क्षेत्र है तथा साथ-साथ में मकान बने हुए है। वहीं एक खाली प्लॉट में व्यक्ति नीजि कंपनी का टॉवर नियमों का उल्लंघन करके लगवा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रिहायशी क्षेत्र में टॉवर लगवाने के दौरान 100 मीटर क्षेत्र में स्कूल, अस्पताल न होने, रिहायशी क्षेत्र के पड़ोसियों की मंजूरी लेने तथा टॉवर लगने की कमेटी से परमिशनव पर्यावरण विभाग की मंजूरी होने सहित अन्य नियमों की उल्लंघना की जा रही हैं।



भिवानी। रिहायशी क्षेत्र में टावर लगाने पर रोक लगाने की मांग लेकर नगराधीश को ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

### दूध देने वाले पशुओं को नुकसान होगा

उन्होंने कहा कि रिहायशी क्षेत्र के पास घनी आबादी होने के साथ मंदिर, दूध डेयरी स्थापित है। यहां टॉवर लगता है तो उसकी रेडीएशन से आमजन को कैंसर होने की संभावना बढ़ेगी तथा लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। वहीं दूध देने वाले पशुओं में नुकसान होगा। कॉलोनीवासियों ने क्षेत्र के लोगों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए टावर लगाने के कार्य को रोक लगाई जाए, ताकि लोग परेशानी से बच सकें।

### ये रहे मौजूद

ज्ञापन सौंपने में दीवानचंद कुकरेजा, अनिता, राधेश्याम, बलराज, शेरसिंह, रमेश, रवि कुमार, रूपचंद, लक्ष्मण, बलदेव, गोमती देवी, चंदूलाल, कुलदीप सिंह, राहुल, सुशील, संजय कुमार, जगदीश, रमेश, दक्ष, सुषमा देवी, सविता सरदाना, जतिन, रत्नसिंह, माया, लज्जा, अमित, राजबाला आदि मौजूद रहे।

### आईटीआई भिवानी में रोजगार मेला 26 को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी के प्रांगण में 26 जून को प्रातः 9 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। सभी व्यवसायों के आईटीआई पास शुदा छात्र इस कैंपस प्लेसमेंट में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं । आईटीआई के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने बताया कि डीसी नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में आईटीआई में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। इस रोजगार मेले में बीडी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बावल, डाईडो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नीमराना राजस्थान, सोग्फई इंजन सिस्टम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम भाग लेंगी। सभी व्यवसायों के हरियाणा राज्य में स्थित आईटीआई के पास विद्यार्थी, जिसकी आयु 18 से 28 वर्ष तक है वे इस रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं।

## खबर संक्षेप



गोशाला मार्केट में मातेश्वरी जगदम्बा को नमन करती ब्रह्माकुमारीज।

### गोशाला मार्केट में मातेश्वरी जगदम्बा का स्मृति दिवस मनाया

**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गौशाला मार्केट में सोमवार को मातेश्वरी जगदम्बा का 59वां स्मृति दिवस मनाया। मांउट आबू से पधारी वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ने मम्मा की विशेषताएं बताई कि उनके जीवन से ही सभी ब्रह्माकुमारी बहने प्रेरणा लेकर अपना जीवन ईश्वरीय सेवा में समर्पित करती है। बीके कीर्ति बहन ने बताया कि परमात्मा शिव ने उन्हें जगदम्बा सरस्वती की उपाधि दी, क्योंकि वह अष्ट शक्तियों से सम्पन्नमूर्त थी।

### साइबर ठगों से सावधान रहें आमजन

**भिवानी।** सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 एक सहारा है। किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तुरंत 1930 डायल पर साइबर धोखाधड़ी का पूरा विवरण की शिकायत दर्ज करवाएं। आमजन अत्यधिक लाभ कमाने के लालच में न आएं, इससे ठगी के शिकार होने की संभावनाएं बहुत बढ़ जाती हैं।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना लाभकारी

**चरखी दादरी।** किसानों और मछली पालन का धंधा करने वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आर्थिक स्थिति मजबूत करने में वरदान सिद्ध हो रही है। योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला में उन गांवों के लोगों को मत्स्य पालन के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा हैए जिन गांवों में बरसात के पानी के ठहराव होता है या भूमि बंजर है। मछली पालन से किसानों की आय बढ़ रही है।

## दो दिवसीय भिवानी कुमार व भिवानी केसरी प्रतियोगिता संपन्न

# लड़कों की अंडर 17 आयु वर्ग की ग्रीको रोमन में कृष्ण ने मारी बाजी

**कुश्ती जैसे ऐतिहासिक खेलों को जीवित रखने के लिए दंगल प्रतियोगिताओं का आयोजन जरूरी :डीएसओ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पतराम गेट स्थित दादू दयाल हाई स्कूल के बाबा चेतराम अखाड़ा में जारी दो दिवसीय भिवानी कुमार व भिवानी केसरी की जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता का आयोजन महंत दौलतराम के सानिध्य में किया गया गया, जिसमें 300 से करीबन पहलवानों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन पहलवान मोहन के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला खेल अधिकारी धीरेंद्र हुड्डा व पूर्व मंत्री डॉ. वासुदेव शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि की। प्रतियोगिता में अमर प्रेम ज्वैलर्स की ओर से राकेश ने चांदी के सिक्के इनाम स्वरूप दिए व स्मार्ट न्यूट्रिशन की ओर कृष्ण कुमार, राकेश कुमार ने बच्चों को खाद्य सामग्री व शेखर ने बच्चों को ट्राफियां देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए चेतराम अखाड़ा भिवानी के कोच राहुल ने बताया कि लड़कों की अंडर 17 आयु वर्ग की ग्रीको रोमन की 41 से 45 किलोग्राम भार वर्ग में कृष्ण, सन्नी, अमरजीत क्रमश : पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

48 किलोग्राम में प्रशांत व उपेंद्र पहले व दूसरे स्थान पर रहे। 65 किलोग्राम भार वर्ग में रोहित व 71 किलोग्राम भार वर्ग में सुमित पहले स्थान पर रहे। उन्होंने बताया कि लडक़ों की अंडर.17 आयु वर्ग फ्री स्टाईल प्रतियोगिता में 41 से 45 किलोग्राम में सन्नी, गुलशन, कृष्ण, 48 किलोग्राम भार वर्ग में योगेश, प्रशांत, कृष्णा, 51 किलोग्राम भार वर्ग में प्रिंस, राहुल, उपेंद्र, 55 किलोग्राम भार वर्ग में जितेश, सागर, कर्ण, 60 किलोग्राम भार वर्ग में रविंद्र, राजेश, 65 किलोग्राम भार वर्ग में आशीष, रोहित, हार्दिक, 71 किलोग्राम भार वर्ग में निशांत, दीपांशु, दीक्षित, 80 किलोग्राम भार वर्ग में विवेक, अंशु, हिमांशु तथा 92 किलोग्राम भार वर्ग में प्रशांत व साहिल क्त्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार लडक़ों की अंडर.21 फ्री स्टाईल प्रतियोगिता में 57 किलोग्राम भार वर्ग में रूण व संदीप पहले व दूसरे, 61 किलोग्राम भार वर्ग में रवि, हरीश, हैप्पी क्त्रमशः पहलेए दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे, 65 किलोग्राम भार वर्ग में दीपक, उत्तम, साहिल पहले तीन पायदान पर, 70 किलोग्राम भार वर्ग में नीरज, गौतम पहले व दूसरे स्थान पर 74 किलोग्राम भार वर्ग में राहुल व राहुल पहले दो पायदानों पर, 79 किलोग्राम भार वर्ग में अतुल भारद्वाज पहले व कपिल तीसरे स्थान पर रहा। 86 किलोग्राम भार वर्ग में हिमांशु पहले स्थान पर रहा। उन्होंने बताया कि रविवार को हुए मुकाबलों में राधिका 40 किलो में प्रथम स्थान, 43 किलोग्राम में काफी मंढ़ाणा प्रथम, 46 किलो में मन्नत हलुवास, 49 किलो में पूजा मंढ़ाणा, 53 किलो में दीपांशी प्रथम रहे। इसी प्रकार 43 किलो में कीर्ति, द्वितीय स्थान रही। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि कुश्ती भारत का सबसे पुराना एवं ऐतिहासिक खेल है, जो कि संयम व ताकत का खेल है, लेकिन वर्तमान में यह खेल अपना महत्व खोता जा रहा है। इसको जीवित रखने के लिए ग्रामीण स्तर पर दंगल प्रतियोगिताओं का आयोजन बहुत जरूरी है, ताकि युवा भारत देश के इस प्राचीन खेल की महत्ता समझ सकें। इस अवसर पर सुरेश ग्रेवाल, रविंद्र सिंह, रविंद्र सिंह मंढ़ाणा, सुरेश वर्मा, कुश्ती प्रशिक्षक राहुल, कोच शंभू, कोच सोनू भारद्वाज, अजय बीरन, प्रवीण ग्रेवाल, प्रीति ओमप्रकाश, अखाड़ा संचालक बाबा मोहनदास,राहुल कोच, राजेंद्र कोच, रविंद्र कुमार पांडा, पूनम बाबल, सुरेश वर्मा, रविंद्र मंढ़ाना सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।



भिवानी। त्रिवेणी रोपित करते पर्यावरण प्रेमी। फोटो : हरिभूमि

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे रोपित कर देखभाल जरूरी

■ पर्यावरण का बिगड़ता संतुलन भविष्य के लिए खतरे की घंटी : लोकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पर्यावरण संरक्षण के जितना जरूरी पौधरोपित करना है, उससे भी अधिक महत्वपूर्ण रोपित किए गए पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल करना है, क्योंकि अधिकत्तर पौधें सिर्फ देखभाल की कमी के कारण ही नष्ट हो जाते है तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उठाया कदम निरर्थक साबित होता है, ये बात पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा ने बीते दिनों सैक्टर-13 में रोपित पौधों की देखभाल करते हुए कही।

पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा व पार्षद प्रतिनिधि हर्षदीप डुडेजा ने सैक्टर-13 स्थित जिम खाना में एक त्रिवेणी रोपित की। नेहरा ने कहा कि सिर्फ पौधों का रोपण करना तक ही लोगों को सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जब तक रोपित किया गया पौधा पेड़ नहीं बन जाता है, तब तक उसकी देखभाल करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव ने अपने स्वार्थ के चलते अंधाधुंध पेड़ों की कटाई, जिसके दुष्परिणाम आज भुगतने पड़ रहे है, ऐसे में हर किसी का कर्तव्य बनता है कि वे न केवल पौधे रोपित करें, बल्कि उनके पेड़ बनने तक देखभाल भी करें। पर्यावरण का बिगड़ता संतुलन खतरे की घंटी है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महिला मुख्य सिपाही कांता नेहरा, हर्षदीप डुडेजा, सुमिता डुडेजा, दीपक सोलंकी, कांता रानी, भूमिका सरदाना, शंकर नर्सरी संचालक चंद्रमोहन, दिनेश आदि मौजूद रहे।

## सांसद के बयान की जनवादी महिला समिति ने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जनवादी महिला समिति हिसार के सांसद जयप्रकाश जेपी द्वारा महिलाओं के विरासत संबंधी अधिकार पर बेहुदा टिप्पणी करने की कड़े शब्दों में निंदा करती है और मांग करती है कि वे हरियाणा की महिलाओं से माफी मांगते हुए अपने शब्द वापस लें।

गौरतलब है कि जींद जिला में कार्यकर्ता सम्मेलन में बोलते हुए नवनिर्वाचित सांसद जयप्रकाश जेपी ने किरण चौधरी द्वारा चौधरी बंसीलाल की विरासत की वारिस कहने के मामले पर कहा कि विरासत हमेशा पुरुष के माध्यम से चलती है, महिला के माध्यम से नहीं। रणबीर महेंद्रा व अनिरुद्ध बंसीलाल वारिस हैं, महिलाएं वारिस नहीं होती। जिला प्रधान संतोष देशवाल, समिति की जिला सचिव बिमला घणघस, कोषाध्यक्ष शीला बलियाली व सहसचिव अनुराधा ने कहा कि महिलाओं ने बहुत संघर्षों से संपत्ति व विरासत का अधिकार हासिल किया है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान ने महिलाओं को बराबर के अधिकार दिए हैं। इसके बावजूद सांसद जयप्रकाश जनप्रतिनिधि होते हुए संविधान विरोधी, पितृसत्तावादी बयान दे रहे हैं।

## दादरी में इस बार नहीं होगा जलभराव

■ प्रशासन ने की पूख्ता तैयारी, बरसाती पानी निकासी प्रोजेक्ट हुए पूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। शहर में बरसाती पानी निकासी के लिए बिछाई गई पाइप लाइन।

मानसून को लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयार है और इस बार दादरी में शहर में जलभराव नहीं होगा। पिछले कई महीनों में बरसाती पानी निकासी को लेकर किए गए कार्य से शहरवासियों को जलभराव से मुक्ति मिलेगी।

पहली बारिश आते ही पानी निकासी की लाइने चैक की जाएंगी और अगर कोई कमी मिलती है तो उसको दूर करने के लिए भी प्रशासन ने योजना बना ली है। शहर के लोगों को भी प्रशासन का सहयोग करते हुए साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा है कि मानसून को देखते हुए बरसाती पानी निकासी के लिए शहर में युद्ध स्तर पर काम किया गया है जोकि लगभग पूरा किया जा चुका है। नए कामों को मानसून की समाप्ति तक के लिए शुरू करने से रोक दिया गया है ताकि खुदाई की वजह से कहीं पर भी जलभराव की समस्या का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी मेहनत के साथ शहर को जलभराव की समस्या से स्थाई समाधान देने के लिए लगा हुआ है और मानसून के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस बार दादरी शहर में जलभराव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में शहर के अलग अलग हिस्सों में बरसाती पानी निकासी के लिए बिछाई गई लाइन दादरी के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा जलभराव से मुक्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों में लोगों को भी सहयोग करना चाहिए। सभी लोग अगर साफ सफाई का ध्यान रखते हुए कुड़ा निर्धारित स्थान पर डालते हैं।

### कबीर के दोहों के एक.एक शब्द प्रेरणादायक : दुग्गल

**भिवानी।** संत शिरोमणि कबीर दास महाराज उच्च कोटि के महान संत थे। संत कबीर का पूरा जीवन समाज में फैले अंधविश्वास, जात.पात व रूढ़िवादी परंपराओं को समाप्त करने के लिए समर्पित रहा, ताकि समस्त समाज का निर्माण हो। यह बात प्रमुख समाजसेवी रवि खनगवाल ने तोशाम में संत कबीर महाराज के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए मुख्य अतिथि तौर पर शिरकत करते हुए कही। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अनुसूचित जाति के सचिव विक्रम दुगल कर रहे थे। दुग्गल ने कहा कि कबीर के दोहों के एक.एक शब्द प्रेरणादायक है और हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि संत कबीर सर्वधर्म संभाव के प्रतीक हैं।

## समाधान शिविर में सुनीं शिकायतें

■ समाधान शिविर में सभी विभाग आपसी तालमेल से कर रहे हैं आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार व डीसी नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में एसडीएम हरबीर सिंह, सीटीएम विपिन कुमार व डीएसपी हैडक्वाटर रमेश कुमार ने समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान करवाने के दिशा.निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने 39 समस्याएं सुनी। एसडीएम हरबीर सिंह ने आमजन की समस्याएं सुनी और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। समस्या समाधान शिविर में नागरिकों ने परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बुढ़ापा पेंशन, पारिवारिक विवाद, राजस्व, कानूनी कार्यवाही करने, लाल डोरा भूमि व बिजली इत्यादि से संबंधित 39 समस्याएं रखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को सरकार की योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करें और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि एक ही समय में सभी अधिकारी एक स्थान पर मौजूद रहते हैंए इसलिए समस्याओं का समाधान को लेकर विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और प्राथमिकता के साथ समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का शीघ्र निपटारा करें। उन्होंने बताया कि सरकार की यह पहल लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान करने में कारगर सिद्ध हो रही है। प्रशासन प्रदेश व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करें।

## शिविरार्थियों को तरह तरह के व्यायामों का अभ्यास कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आर्य समाज विकास ट्रस्ट बहल के तत्वावधान में आर्य समाज बहल द्वारा आर्य समाज मंदिर में चल रहे ध्यान.योग.साधना एवं चिकित्सा शिविर के दूसरे दिन शिविरार्थियों को मधुमेह, बीपी, जोड़ों के दर्द से मुक्ति के लिए विभिन्न व्यायामों का अभ्यास करवाया गया। योगाचार्य हरपाल शास्त्री ने प्राणायाम की विभिन्न विधियां बताकर उनके फायदों के बारे में बताया। सोमवार को आयोजित शिविर में ताड़ासन, अर्धचक्त्रासन, वक्त्रासन, धनुरासन, भुजंगासन सहित अन्य योगसान करवाए गए।

योगाचार्य हरपाल शास्त्री ने बताया कि इन व्यायामों का करने से जहां शारीरिक बल मिलता है वहीं मानसिक शांति का भाव होता है। आसन प्राणायाम से हमारे विचारों की शुद्धि होती है जिससे हमारे मन मस्तिष्क में सर्वसमाज की कल्याण की भावना प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जब निज स्वार्थ से ऊपर उठकर परमार्थ के लिए काम करता है तो उसे मन की शांति मिलती है। शिविर में साधकों को दैनिक जीवन में खानपान संबंधी हिदायतें दी गई और कहा गया कि वे अपने भोजन में शुद्ध दूध,दही, घी और छाछ का अवश्य प्रयोग करें। आचार्य हरपाल शास्त्री ने आर्य समाज द्वारा समाज सुधार के लिए किए गए कायारे् पर प्रकाश डाला और कहा कि आर्य का मतलब होता है श्रेष्ठ।

## 'महिलाओं को आगे लाना होगा'

■ भाजपा नेता शर्मा ने भाविप के परिवार मिलन समारोह में बतौर मुख्यतिथि शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



कार्यक्रम का द्वीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ करते अतिथि।

भारत विकास परिषद शाखा तोशाम द्वारा रविवार देर रात्रि पंजाबी धर्मशाला में परिवार मिलन व दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया। समारोह के अध्यक्ष परिषद के प्रांतीय संगठन सचिव अशोक शर्मा रहे। समारोह में सज्जन अग्रवाल पूर्व प्रांतीय संयोजक व भाजपा नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल शर्मा ने मुख्यतिथि की भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद को पुष्प अर्पित व द्वीप प्रज्ज्वलित कर का शुभारंभ किया। तत्पश्चात 11 नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें सदस्यता की शपथ दिलाई तथा परिचय लिया। कार्यक्रम में महिला सदस्यों ने उपस्थित लोगों का कुछ गतिविधियों के माध्यम से जमकर मनोरंजन करवाया। नई कार्यकारिणी अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व महिला अध्यक्ष को दायित्व ग्रहण करवाया तथा शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन राजेंद्र सिंह पंघाल ने किया। अतिथियों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यतिथि भाजपा नेता अनिल शर्मा ने कहा कि हमें हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाना होगा, क्योंकि महिलाएं प्रत्येक कार्य को उत्तम तरीके से करने में सक्षम है। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय गुप्ता, सचिव ललित अग्रवाल, महिला अध्यक्ष डॉ. प्रोमिला शर्मा, कोषाध्यक्ष योगेश कौशिक, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, डॉ. रणसिंह, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बवानी खेड़ा के सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक का सर्वर डाउन

■ उपभोक्ता हो रहे परेशान, घंटों बैंक में इंतजार करके खाली लौटना पड़ता है घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक में इंटरनेट सर्वर डाउन होने के चलते उपभोक्ताओं को बैंक में घंटों बैठकर अपने घर वापिस कूच करना पड़ता है तो वहीं बैंक प्रबंधक ने बताया कि पीछे से ही तकनीकी खराबी चल रही है। उल्लेखनीय है कि बवानी खेड़ा के सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक में पिछले लगभग एक सप्ताह से लेन.देन आदि कार्य न होने के चलते बैंक उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं बैंक का भी लाखों के लेन.देन से कार्य प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ताओं में बिजेन्द्र, विजय, श्यामलाल, उषा, समुंदर, शकुंतला, बीरमती की मानें तो वे बीते सप्ताह से बैंक से लेन.देन के लिए चक्कर काट रहे हैं। बैंक आते ही पता चलता है कि सर्वर डाउन है और वे घंटों बैंक में बैठकर चले जाते हैं। इस समस्या से बैंक कर्मचारी भी कुछ नहीं कर पाते क्योंकि उनके हाथ भी बंधे हुए हैं। वहीं इस कार्य से बैंक का भी लाखों का लेनदेन हो रहा प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि इतने दिनों से चली आ रही समस्या के लिए संबंधित विभाग को सुध लेकर इसका समाधान करना चाहिए। वहीं अनेक उपभोक्ताओं ने बैंक से खाते बंद करवाकर अन्य बैंक में खाते खुलवाने के भी संकेत दिए।

**विलुप्त होती पक्षियों की प्रजातियों को बचाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी : सुनील शर्मा**

# बेजुबान पक्षियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए आदर्श ब्राह्मण सभा ने रखे पानी के सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। पक्षियों के लिए पानी के सिकोरे रखवाते हुए।

इस भीष्ण गर्मी में राहत दिलाने के लिए जल ही एकमात्र सहारा है। ऐसे में इंसान तो अपने लिए जल का प्रबंध कर लेते है, लेकिन सबसे अधिक परेशानियां बेजुबान पशु.पक्षियों को झेलनी पड़ती है तथा उन्हे अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ता है। ऐसे में बेजुबान पक्षियों की सेवा करने के उद्देश्य से आदर्श ब्राह्मण सभा ने स्थानीय पटेल नगर स्थित पार्क में पक्षियों के लिए पानी के पिंदे रखे।

इस दौरान सभा के पदाधिकारियों ने नियमित रूप से इन पिंदों की साफ.सफाई व पानी भरने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर आदर्श ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष अधिवक्ता सुनील शर्मा व उपाध्यक्ष विजय खरकिया ने कह कि इस तपती गर्मी में पक्षियों के लिए पानी का प्रबंध करना पुण्य का कार्य है। इस अभियान में प्रत्येक जन को समय निकालकर आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़.पौधों के कटाव के कारण पक्षियों की बहुत सी प्रजातिया विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुकी है। जिसके चलते आने वाली पीढिय़ां बहुत सी पक्षियों की प्रजातियों के नाम तक नहीं जानती। ऐसे में अब बचे.कुचे पक्षियों को बचाने के लिए हमें ही कदम बढ़ाने होंगे तथा इसके लिए ना सिर्फ पक्षियों के संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाने होंगेए बल्कि अधिक से अधिक पौधा रोपण कर उनके पेड़ बनने तक संरक्षण भी करना होगा, ताकि पक्षियों के घरों को फिर से बनाया जा सकें। इस मौके पर अनिल आसरि ने कहा कि पक्षियों के जलदान करना भगवान के चरणों की सेवा के समान है। इस अवसर पर सभा के शहरी युवा प्रधान दीपक कौशिक, युवा जिला प्रधान सुधीर शर्मा, जगदीश शमा, अधिवक्ता संदीप शर्मा, रोहताश शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, ललित मामूका, कुलभूषण शर्मा, संजय शर्मा, स्वतंत्र शर्मा, सुभाष फौजी, महेंद्र ठेकेदार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### नियमितकरण की पॉलिसी जारी करने बारे सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** हरियाणा आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन के आईटी एडवाइजर प्रवीण गोस्वामी के नेतृत्व में जिला भिवानी कार्यक्रम द्वारा सीटीएम विपिन कुमार को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन आईटी कंप्यूटर प्रोफेशनल्स की सेवाएं नियमितिकरण की पॉलिसी जारी करने सहित अन्य मांगो बारे है। ज्ञापन के दौरान सीटीएम विपिन कुमार ने कंप्यूटर प्रोफेशनल्स को आश्वासन देते हुए कहा कि संगठन की मांगे जायज है इनको सरकार के पास भेजा जाएगा। ज्ञापन के दौरान संगठन के जिला भिवानी कार्यकारणी के सदस्य जयमल ,वन, दीपक, अमरपाल, परवीन व दीपक ढाकल ने बताया कि उन्होंने डीसी नरेश नरवाल की अनुपस्थिति में यह ज्ञापन सीटीएम विपिन कुमार को सौंपा।

## खबर संक्षेप

### तोशाम में बाईपास पर चल रहा धरना जारी

**तोशाम।** सरकार से अपनी जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहे किसानों का तोशाम में बाईपास मार्ग पर चल रहा धरना निरंतर जारी है। ये धरना 4 मई 2022 से संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में निरंतर चलाया जा रहा है। धरने के अध्यक्षता वयोवृद्ध किसान ताराचंद ने की। धरनारत किसानों को संबोधित करते हुए मोर्चा संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने कहा कि वर्तमान चुनाव में देश ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि देश को भाजपा की सरकार स्वीकार नहीं।

### 'जनता ने सरकार के खिलाफ जनमत दिया'

**तोशाम।** भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे कांग्रेसी विधायक राव दान सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जनमत दिया है। राव दानसिंह तोशाम क्षेत्र के गांव ईशरवाल में कांग्रेसी नेता प्रदीप बंसल के प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भिवानी-महेन्द्रगढ़ से हम हारे नहीं, बल्कि जीते हैं, हमने पिछली बार के हार जीत के साढ़े चार लाख के अंतर को कम करके 40 हजार पर लाकर छोड़ दिया।

### नरेन्द्रराज बने हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता

**लोहारू।** लोहारू हल्के के युवा कांग्रेस नेता व पूर्व जिला पार्षद नरेन्द्रराज गागड़वास को कांग्रेस हाईकमान ने प्रदेश प्रवक्ता की बड़ी जिम्मेदारी दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी की तरफ से एक लैटर जारी किया गया है जिसमें इसकी घोषणा की गई है। नरेन्द्रराज ने तकरीबन 2 साल पहले इनेलो छोड़कर चौ भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामा था। नरेन्द्रराज गागड़वास इनेलो में भी युवा प्रदेश प्रभारी जैसे बड़े पदों पर काम कर चुके हैं ।

### कलियाणा के रामकुटी मंदिर में जागरण-भंडारा

**भिवानी।** गांव कलियाणा के ग्रामीणों के सहयोग से कलियाणा स्थित बाबा रामदास, बाबा नौमीदास, रामकुटी मंदिर में चालीस दिन की अखंड ज्योति के साथ 21 जून को जागरण का आयोजन किया। जागरण में संगीत पार्टी दीपक स्वामी कलियाणा के कलाकारों ने श्रद्धालुओं को सुन्दर-सुन्दर भजनों के साथ मां शेरावाली के भजनों के माध्यम से रिझाया और वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुगण भी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर झूमने को मजबूर हो गए।

### प्रिंस रैमा हुए रेडिएंट डायमंड एचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**भिवानी।** खेल नगरी भिवानी के युवाओं ने शिक्षा व खेल के क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, जिसके बाद अब स्टार डांस फिटनेस इंस्टीट्यूट के संचालक प्रिंस रैमो युवाओं को नृत्य के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। नृत्य कला के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के चलते समय-समय पर विभिन्न अवॉर्डो से सम्मानित किया जाता रहा है। इसी कड़ी में अब उन्हे दिल्ली में आयाजित रेडिएंट डायमंड एचीवमेंट अवॉर्ड-2024 से सम्मानित किया गया।

## मांगों के लिए कार्यकारी अभियंता डिविजन कार्यालय पर दिया धरना

# कर्मचारियों ने मांगों का समाधान नहीं करने पर जताया रोष, नारेबाजी

धरने में प्रांतीय कार्यालय सचिव राजकुमार सैन तथा जिला प्रधान सुरेन्द्र टोनी ने शिरकत की।


**भिवानी।** कार्यकारी अभियंता डिविजन कार्यालय पर धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन सम्बन्धित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ ने कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत डिविजन नंबर 2 के प्रांगण में शहरी ब्रांच के प्रधान जयकिशन शर्मा की अध्यक्षता में मांगों के लिए धरना व रोष प्रदर्शन किया। धरने में विशेष रूप से प्रांतीय कार्यालय सचिव राजकुमार सैन तथा जिला प्रधान सुरेन्द्र कुमार टोनी ने शिरकत की।

धरने का संचालन ब्रांच सचिव बिजेन्द्र परमार ने किया। जिला प्रधान टोनी ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए मांग की कि पुरानी पेंशन बहाली व कैशलैश मेडिकल सुविधा लागू करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का बकाया वेतन व पीएफ हरियाणा कौशल रोजगार निगम पर समायोजित होने से पहले जितने कर्मचारियों का बकाया है, उनका समाधान किया जाये। शहरी ब्रांच के प्रधान जयकिशन शर्मा ने कहा कि कार्यकारी अभियंता का कर्मचारियों की मांगों के प्रति रवैया टालमटोल वाला है। मस्टरोल पर लगे कर्मचारियों को वेतन 2 वर्ष से वेतन नहीं बढ़ाया गया है, हरियाणा कौशल रोजगार निगम में लगे कर्मचारियों का पीएफ राशि उनके खाते में जमा नहीं हो रही है। आरएमई स्टाफ की एलटीसी का भुगतान तुरन्त प्रभाव से करवाया जाये। सांगा, कायला, कालुवास के जलघरों पर आने-जाने का रास्ता नहीं है, जिसे तुरन्त प्रभाव से बनवाया जाये।

### चैंबर की छत का निर्माण करवाने की मांग रखी

उन्होंने कहा कि डाबर जलघर के चैम्बर की छत टूटी हुई है, उसका निर्माण शीघ्र ही करवाया जाए। टर्म अम्पाईंटी कर्मचारियों के ईपीएफ व ईएसआई के खाते विभाग द्वारा खुलवाये गए थे, उन्हें लागू करवाया जाए। ठेकेदारी प्रथा के तहत लगे कच्चे कर्मचारियों की सेंक्शन तथा वेतन बकाया है वह तुरन्त सेंक्शन दिलवाई जाए तथा बकाया वेतन कर्मियों के खाते में डलवाया जाए सहित 22 सूत्रीय मांगों का शीघ्र ही समाधान हो।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रांतीय पदाधिकारी सज्जन भारद्वाज, जिला कार्यालय सचिव चांदीराम कादयान, जिला प्रेस सचिव अमित जांगड़ा, शहरी ब्रांच के कोषाध्यक्ष सुखबीर, वरिष्ठ उपप्रधान बजरंग लाल, विनोद पराशर, रविन्द्र शर्मा, प्रमोद जांगड़ा, राधेश्याम, नरेश सोनी, रामधारी, कमल अत्री, भिक्षाराम, कुलदीप बोहरा, कन्हैया सोनी, बिजेन्द्र सोरखी, श्रीपाल राठी, रमेश, प्रमजीत, रामबिलास, सुरेन्द्र अत्री, अमित सहरावत, अमित पहल आदि मौजूद रहे।

## मत्स्य पालन विभाग ने बेरोजगारों के लिए चलाई बेहतरीन योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मत्स्य पालन विभाग की ओर से अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों के लिए स्कीम फॉर द वेलफेयर ऑफ शेड्यूल कास्ट फैमिली इन फिशरीज योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक प्रार्थी अपना आवेदन पत्र जिला मत्स्य अधिकारी कार्यालय भिवानी में जमा करवा सकता है।

जिला मत्स्य अधिकारी सिकंदर सिंह सांगवान ने बताया कि इस योजना के तहत मछली पालन के लिए पट्टे पर लिए गए तालाबों पर प्रथम वर्ष पट्टा राशि 50 हजार प्रति हेक्टेयर अथवा वास्तविक पट्टा राशि का 50 प्रतिशत दोनों में से जो भी कम है व इसकी अधिकतम सीमा 2 लाख रुपए है। जाल खरीद पर मत्स्य पालकों को 40 हजार की खरीद पर 60 प्रतिशत अनुदान देने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि अधिसूचित नहरी पानी में मछली पकड़ने के ठेके पर स्वीकृत कुल बोली का 50 प्रतिशत अथवा 5 लाख अधिकतम अनुदान दिया जाता है। मत्स्य पालकों को खाद्य खुराक पर 60 प्रतिशत की दर से 90 हजार प्रति हेक्टेयर से अनुदान राशि प्रदान की जाती है। इसमें अधिकतम सीमा 3 लाख 60 हजार है। रेहड़ी पर 60 हजार रुपए की रेहड़ी की खरीद पर 60 प्रतिशत या अधिकतम राशि धनराशि पर 36 हजार प्रति लाभार्थी जो भी कम होगा दिया जाएगा।

## 'सरकार की नीतियों से नौकरी के पद खत्म, 23 हजार नियुक्तियां फंसी'



**भिवानी।** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं अधिवक्ता विकास कुमार ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों की वजह से नौकरियों के अनेक पदों को खत्म कर दिए। युवाओं के रोजगार के अवसरों पर विराम लगा दिया।। यहां तक भाजपा की ढिलाई की वजह से अदालत ने ईडब्ल्यूएस के पांच अंक बोनस के असवैधानिक करार दिया। 23 हजार युवकों पर रोजगार छीनने की तलवार लटक गई है। अगर सरकार की सही ढंग से पैरवी न करने की वजह से 23 हजार नियुक्तियां फंस गई है। वे आज जनसम्पर्क अभियान के तहत गांव तिगड़ाना में आयोजित वर्कर मीटिंग में लोगों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनविरोधी नीतियों की वजह से आज देश की जनता ने भाजपा को आईना दिखा दिया कि लोगों से छलावा करनी अच्छी बात नहीं है। भाजपा सरकार से संविधान को खतरा बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बवानीखेड़ा हलके का बेड़ा गरक कर दिया।

## सभी विभाग करवाएं जमीन की पैमाइश

- कब्जे हटवाने के लिए अवश्यकता अनुसार पुलिस या ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी


**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में समस्या सुनते डीसी मनदीप कौर।

सभी विभाग अपनी संपति की राजस्व विभाग से पैमाइश करवाएं और उसके बाद वहां से अवैध कब्जों को हटवाना सुनिश्चित करें। इस कार्य के लिए अवश्यकता अनुसार पुलिस या ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए जाएंगे। हर हाल में सरकारी जमीन से सभी कब्जों को हटवाया जाए। उपायुक्त मनदीप कौर ने समाधान शिविर के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को ये निर्देश दिए हैं। गत 10 जून से शुरू हुए समाधान शिविर में आई शिकायतों में से 40 प्रतिशत का समाधान किया जा चुका है। शिविर में ज्यादातर शिकायतें आपसी विवाद, परिवार पहचान पत्र, आय वैरिफिकेशन, बीपीएल प्लाट, अवैध कब्जों आदि से संबंधित आ रही हैं। शिविर में एक शिकायत की सुनवाई के दौरान सामने आया कि मेजबान चौक से सेक्टर की ओर सिंचाई विभाग का पुराना नाला होता था, जिसपर कई स्थानों पर अवैध कब्जे कर लिए गए हैं और उसके साथ लगते रास्ते की हालत भी काफी खराब हो गई है। इसपर उपायुक्त ने सभी विभागों निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के माध्यम से सरकारी जमीन की पैमाइश करवाई जाए और उसके बाद सभी विभाग अपनी जमीनों से अवैध कब्जे हटवाएं। जरूरत हो तो इस कार्य के लिए पुलिस व ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी मांग लें।

## गली के कब्जे हटवाने के लिए दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा


**बवानीखेड़ा।** रोष प्रदर्शन करते हुए वार्डवासीगण।

- सैंकड़ों लोगों ने चबुतरे पैडी स्लैप आदि के माध्यम से कब्जे किए हुए हैं

बवानी खेड़ा के वार्ड 7 वार्ड के लोगों द्वारा अपने ही वार्ड में घर के बाहर गली में बने कब्जों को हटवाने को लेकर रोष जाहिर किया व इसे तुड़वाने की शिकायत नगर पालिका में दी। वहीं कस्बावासियों ने उनके इस साहसिक कार्य की सराहना की तो कुछ आपस में रंजिश का नाम देते हुए पॉलिटिक्ल स्टंट बताते नजर आए।

कस्बावासियों में निशीकांत, पवनदत, अनिल कुमार, विनोद,राधे, महेन्द्र, अनिल, मस्ता, राजेश, विनोद, मेस्सी, पवनदत, आशीष, अशोक, संतू, दीपू,काका कौशिक, कर्ण, राजा आदि ने नपा कार्यालय में शिकायत देते हुए बताया कि बवानी खेड़ा के वार्ड 7 में टीटू के घर से नरेन्द्र के घर तक गली में सैंकड़ों लोगों ने चबुतरे पैडी स्लैप आदि के माध्यम से कब्जे किए हुए हैं। वार्ड की सरकारी गली पहले काफी चौड़ी थी जिसमें ट्रक.ट्रैक्टर व बड़े.बड़े वाहन गुजरते थे लेकिन अब छोटी गाड़ी को गुजरने में काफी समस्याएं पैदा होती हैं।

**गली को चौड़ा करवाने की अपील :** वार्डवासियों ने बताया कि नपा गली का निरीक्षण करे यदि उनके घरों के भी कब्जे हैं तो वे तुड़वाने में कोई गुरेज नहीं करेंगे। उन्होंने विभाग को किए गए कब्जों को हटवाकर गली को पहले की भांति चौड़ा करवाने की अपील की।

### क्या कहते हैं अधिकारी

नपा सचिव व लेखाकार के छुट्टी पर होने पर पटवारी संदीप ने बताया कि बवानी खेड़ा के अलावा भिवानी का चार्ज भी उनके पास है। वार्डवासियों द्वारा अवैध अतिक्रमण की जो शिकायत दी अतिक्रमण है तो जांच की जाएगी व उसे हटवाने का कार्य किया जाएगा।

## क्रीमिलेयर की आय सीमा बढ़ाकर मुख्यमंत्री ने पिछड़ा वर्ग हित में किया सराहनीय कार्य : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग के लोगों का जीवन स्तर सुधारा

भाजपा सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल के दौरान पिछड़ा वर्ग की तरक्की के लिए अनेक योजनाओं का पिटारा खोला, जिसके चलते उनका जीवन स्तर सुधरा है। इसी कड़ी में अब प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने क्रीमिलेकयर की वार्षिक आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये करने की घोषणा कर पिछड़ा वर्ग को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। जिसके लिए भाजपा सरकार व प्रदेश के मुख्यमंत्री आभार के पात्र है। यह बात भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सह प्रभारी धीरज सैनी ने कही। धीरज सैनी ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने हमेशा ओबीसी वर्ग को बरगलाकर उनका वोट हथियाने का काम किया, लेकिन योजनाओं के नाम पर पिछड़ा वर्ग को सिर्फ धक्के ही मिले। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग को समाज की मुख्य धारा से जोडऩे व उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में अनेक सराहनीय कार्य किए। जिसके चलते पिछड़ा वर्ग का सामाजिक व राजनीतिक उत्थान सुनिश्चित हो सका। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि ग्रुप ए और गुरप.बी के पदों में पिछड़े वर्गों के 15 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया जाएगा।

## विशंभर वाल्मीकि का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा



- विशंभर वाल्मीकि एससी ए वर्ग के सर्वमान्य एवं लोकप्रिय नेता : बाजल

भाजपा कार्यकर्ता एवं ओसीसीआई ;ओड कम्युनिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव मास्टर दयानंद बाजल ओड ने बवानी खेड़ा हल्का के विधायक एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार विशंभर वाल्मीकि का एससी ए वर्ग की मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष सोनीपत में रोजगार हेतु आवाज उठाने को लेकर आभार व्यक्त किया।

### दिलों में जगह बनाई

ऐसी मांग उठाकर उन्होंने जहां सरकार में रहते हुए साहसिक कार्य किया है इस वर्ग में शामिल 42 जातियों के लोगो के दिलों में जगह बनाई है। उपरोक्त मांग उठाने का सरकार में रहते हुए पहल करना बहादुरी का कार्य है जिससे पूरे हरियाणा के इस वर्ग के लोगों में खुशी का माहोल है। इससे पहले भी उन्होंने लोक सभा चुनावों के बाद पुरजोर तरीके से कहा था कि अगर लोकसभा चुनावों में एक सीट हमारे इस वर्ग को दी जाती तो भारतीय जनता पार्टी की एक सीट और बढ़ जाती।

### कांग्रेस ने रचा था षड्यंत्र

इसको लेकर समाज के लोगों का मत है कि एससी ए वर्ग के शत प्रतिशत लोग भारतीय जनता पार्टी के वोटर हैं क्योंकी भारतीय जनता पार्टी ने ही इस समाज की सुध ली है कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में एक भयंकर षडयंत्र के तहत एससी के वर्गीकरण को समाप्त कर दिया गया था।

जिससे समाज को गहरा आघात लगा था। सालों के उपरांत भाजपा की सरकार आने पर इस समाज की सुध ली गई। परंतु यह अभी भी आंशिक कार्य है समाज को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में व विशंभर वाल्मीकि पर पूरा विश्वास है कि इस अधूरे कार्य को लेकर पुरजोर पैरवी करके पूरा करवाया जाए ताकि दलित समाज का वह हिस्सा जो काफी पिछड़ा हुआ है उसको भी मुख्यधारा में शामिल किया जा सके।

## ओबीसी क्रीमिलेयर की आय सीमा बढ़ाना सराहनीय कदमः शंकर धूपड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- मुख्यमंत्री सैनी के हाथों में ओबीसी वर्ग पूरी तरह से सुरक्षित

ओबीसी क्रीमलियेर की आय सीमा छह लाख से बढ़कर आठ लाख करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का बहुत.बहुत आभार। नायब सरकार पिछड़ों गरीबों दलितों व वंचितों के लिए समर्पित है। सभी वर्गो् की भलाई के लिए दिन.रात काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथों में ओबीसी वर्ग पूरी तरह से सुरक्षित है। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य शंकर धूपड़ ने कहीं।

राष्ट्रीय परिषद सदस्य शंकर धूपड़ ने कहा कि हरियाणा में ओबीसी वर्ग के कल्याण और युवाओं को सरकारी नौकरियों में बड़ा लाभ देने के लिए कुछ प्रमुख घोषणाएं की हैं। हरियाणा में आज के दिन नौकरियों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण के अंदर, क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा सभी स्त्रोतों से छह लाख रुपये है। हरियाणा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से विचार उपरांत अब प्रदेश सरकार की नौकरियों में यह क्रिमिलेयर बढ़ाकर आठ लाख रुपये वार्षिक की जाएगी। भारत सरकार की तर्ज पर इस आय में वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किया जाएगा,जिससे लाखों लोगों को लाभ होगा। शंकर धूपड़ ने कहा कि ग्रुप.ए और ग्रुप.बी के पदों में पिछड़े वर्गों का आरक्षण 15 प्रतिशत है।

## अधिवक्ताओं को छत की जर्जरहाल स्थिति से मिलेगा छुटकारा



**भिवानी।** जिला न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ताओं के मीटिंग हॉल की जर्जर छत के चलते वकीलों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। छत की जर्जरहाल स्थिति के चलते हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता था, जिसके चलते अधिवक्ता भय के माहौल में थे, जिसकी बीते दिनों जिला बार एसोसिएशन ने सूध ली तथा अब जर्जरहाल स्थिति के सुधारीकरण का शरू हो गया है। छत की वॉटर प्रूफिंग कार्य का सोमवार को जिला बार एसोसिएशन भिवानी के प्रधान सत्यजीत पिलानिया ने निरीक्षण किया। प्रधान पिलानिया ने बताया कि अधिवक्ताओं के मीटिंग हॉल की छत करीबन 75 वर्ष पुरानी थी तथा यह छत अर्ध सिलेंडरिकल नुमा बनाई गई है, जिसके चलते इसमें बारिश के पानी का असर दिखने लगा था तथा बारिश के दौरान छत से पानी टपकने जैसी समस्याओं का सामना भी अधिवक्ताओं को करना पड़ा था, लेकिन अब अधिवक्ताओं को इस समस्या से दो-चार नहीं होना पड़ेगा, क्योंकि इस छत पर खास तरह के स्प्रे का छिड़काव करने के बाद इस पर रबरनुमा एक परत भी चढ़ाई जाएगी, जिसके बाद छत पर पानी का असर न के बराबर रहेगा। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव दीपक तंवर, पूर्व सचिव संजय तंवर, अधिवक्ता हरेंद्र भालोठिया, अधिवक्ता अरविंद बैराण, संयुक्त सचिव राजेश पंवार आदि मौजूद रहे।

## आरक्षण बढ़ाने का नोटिफिकेशन जारी करें सरकार : टांक

**भिवानी।** पिछले कई वर्षो से पिछड़ा वर्ग से जुड़े अनेक संगठनों द्वारा क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा बढ़ाने की मांग की जा रही है। इस मांग को लेकर अनेकों बार धरने, प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे जा चुके है, लेकिन आज तक सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। लेकिन अब भाजपा सरकार ने क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये करने तथा ग्रुरप-ए और गुरप-बी के पदों में पिछड़े वर्गो के 15 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की घोषणा की है, जो सरकार का स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए।

## मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के 59वें स्मृति पर कार्यक्रम का आयोजन

# मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती ने कन्याओं को सशक्त बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


**भिवानी।** मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती को नमन करते बीके भाई बहन।

मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती ने आध्यात्मिक मूल्यों से नशामुक्त दिव्य समाज निर्माण का पाठ पढ़ाया, वास्तव में जगदंबा आधुनिक युग की चैतन्य देवी थी, उन्हें ईश्वरीय ज्ञान, गुण और शक्तियों को धारण करके लोगों को अनुभव कराने का दिव्य वरदान प्राप्त था। वास्तव में ज्ञान और शक्तियों की चैतन्य अवतार थी जगदम्बा मां सरस्वती, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा के तत्वावधान में मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के 59वें स्मृति पर कार्यक्रम में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मातेश्वरी ने 24 जून 1965 को अपने नश्वर देह का त्याग करके संपूर्णता को प्राप्त किया। इस दिवस को ब्रह्माकुमारी संस्थान के देश विदेश के भाई बहनें आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मना रहे हैं। ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने मां जगदंबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम प्रशासिका थी, जो बचपन से अनेक कलाओं से भरपूर थी, जिन्होंने अध्यात्म के बल पर कन्याओं व माताओं को सशक्त बनाया। वसुधा बहन ने कहा सभी लोग मातेश्वरी को प्यार से मम्मा कहते थे क्योंकि उनके चेहरे और चलन से मां की ममता स्वतः झलकती थी। मातेश्वरी ने पवित्रता व दिव्यता की मूर्ति बन समाज में आध्यात्मिक व मानवीय मूल्यों का पाठ पढ़ाया।

झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा की मातेश्वरी की वाणी में मधुरता बोल मन को शांत तथा शक्ति संचारित करने वाले होते थे, उनमें चुंबकीय आकर्षण था उनके जो संपर्क में आया वह आनंद व खुशी से भरपूर अनुभव करता था। ब्रह्माकुमारी ज्योति ने कहा कि जगदंबा सरस्वती 45 वर्ष की अल्पायु में हम सभी को जीवन जीने की कला सिखा कर चली गई, उनकी शिक्षाएं,व्यक्तित्व सदा अमर रहेगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अशोक शर्मा, रामकुमार, शुभराम, ईश्वर सिंह पूर्व मेनेजर, धर्मवीर, टेकचंद, राजेंद्र सिंह, मनोज, सुधीर, ब्रह्माकुमारी वसुधा व ज्योति, रेखा, रितु,अनुज, ललिता, नीलू आदि मौजूद रहे।



# मासूम पक्षियों का सहारा बनें हम

## ओरी चिरैया, नन्हीं सी चिड़िया अंगना में फिर आ जा रे....



(Advertisement)

### घोसले और पानी की व्यवस्था करें



शमशेर सिंह
डायरेक्टर
आदर्श विद्या मंदिर, भिवानी

जिस तरह शहर में निरंतर प्रदूषण बढ़ रहा है ऐसे में पक्षियों की प्यास की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस स्थिति में यदि पक्षी धरती से पलायन कर जाते हैं तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? इसके लिये हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा विशेषकर प्यासे पक्षियों को जल मुहैया कराने का मानवीय कार्य करना होगा। ताकि वे प्यासे न रहें। हमें यह भी याद रहे कि पक्षी पर्यावरण को सुरक्षित रखने का एक जरिया हैं। शहर के प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने के लिये पक्षियों के लिये पानी के बर्तन रखे जा सकते हैं। ताकि वह अपनी प्यास बुझा सकें। हमें इसे एक मुहिम की तरह लेना होगा, ताकि पक्षियों तक पानी पहुंचाने की जागरूकता की पहल की जा सके।



### पानी रखने में सावधानी बरतें



डॉ. कुलदीप ढिल्लों
डायरेक्टर
ब्राइट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट,
कितलाना, भिवानी

पानी का बर्तन गहरा कम हो और चौड़ाई ज्यादा हो। इस पानी के बर्तन को समय-समय पर साफ करें ताकि गंदगी न हो। निरन्तर पानी बदलते रहें। ये याद जरूर रखें कि पानी का बर्तन ज्यादा गहरा न हो ताकि पक्षी इनमें स्नान आसानी से कर सकें। पानी का बर्तन ऐसी जगह रखें जहां छाया हो और पक्षी भी सुरक्षित रहें। बर्तन बालकोनी या छत पर भी रखे जा सकते हैं। अपने बच्चों को भी बर्तन में पानी भरने के लिये कहें ताकि उनमें भी पक्षियों के लिये दया-प्रेम भाव जागरूक हो। पानी के बर्तन ज्यादा महंगे नहीं होते, हो सके तो आप अपने आस-पड़ोस में वितरित भी करा सकते हैं ताकि इस पुण्य काम में वो भी आपके भागीदार बन सकें।



### आइये पक्षियों को दें दाना-पानी



प्रतीक दलाल
डायरेक्टर
गुरूजी क्लासेज
भिवानी

जैसे-जैसे गर्मियां नजदीक आती जायेगी, वैसे-वैसे पक्षियों के लिये दाना-पानी ढूंढने में कठिनाई होती जायेगी। शहरीकरण बढ़ने से पक्षियों का जीवन और कष्टदायक हो गया है यही वजह है कि उनको अपने लिये दाना-पानी ढूंढने में संघर्ष करना पड़ता है। गर्मी में पक्षी प्यास के कारण दम तोड़ देते हैं। इन पक्षियों के लिये दाना-पानी उपलब्ध कराया जा सकता है ताकि वे दाना-पानी के लिये दम न तोड़ें। आप सभी इसकी शुरूआत कर सकते हैं और अपने ईष्ट मित्रों एवं रिश्तेदारों से मिलकर या अन्य समाजसेवी संस्थाओं से इसे एक दिन की गतिविधि के रूप में चला सकते हैं। समाज के सभी वर्गों के व्यक्तियों को ऐसे दाना-पानी का इंतजाम करना होगा, जिससे पक्षियों को छाया के साथ पानी भी मुहैया कराया जा सके।

### आओ मिलकर पक्षियों को बचाएं



गगन कोकचा
प्रमुख समाज सेवी
कोकचा डिजाइन
एंड फेब्रिक्स

पक्षी भी पतंग की तरह से उड़ता है। आने वाली तपती गर्मी के समय में पारा 45 डिग्री से ऊपर तक पहुंच जाता है। गर्मी की तपन से बचने का प्रयास तो व्यक्ति कर ही लेता है। लेकिन बेजुबान पक्षियों के लिये गर्मी मौत के समान होती है। गर्मी में तापमान बढ़ने पर पक्षियों को प्यास अधिक लगती है व जल के पास समय से न पहुंचने के कारण पक्षी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ते हैं आइए हम सब मिलकर पक्षियों के लिये जल की पूर्ण व्यवस्था करें, और उनका जीवन बचाएं। अगर पक्षियों को आपके घर आंगन में दाना-पानी मिलता है तो वे निश्चित रूप से रोजाना आएंगे और प्रकृति की छटा आपको हर सुबह नजर आएगी।





### चिड़िया रानी





चिड़िया रानी चिड़िया रानी।
तुम हो पेड़ों की रानी॥
सुबह सवेरे उठ जाती हो।
ना जाने क्या गाती हो॥
क्या तुम भी पढ़ने को जाती हो।
या नौकरी करने को जाती हो॥
शाम से पहले आती हो।
बच्चों का दाना लाती हो॥
भर- भर चोंच खिलाती दाना।
चूँ- चूँ चहक सुनाती गाना॥

### आंगन को कौन समझेगा



एडवोकेट मुकेश रहेजा
प्रान्तीय सह-संयोजक
विधि विभाग
बीजेपी

अपनी बचपन की मधुर स्मृतियों का आज हम अवलोकन करें तो हम अवश्य ही सोन चिरैया जो हमारे आंगन, छत, बगीचों की शोभा होती थी बच्चों को मधुर गीत (चहचहाकर) आनंद देती थी, आज उसको देखे हुए कई-कई माह हो जाते हैं जो इसका बोध कराते हैं कि आज इस सोन चिरैया का अस्तित्व हाशिये पर आ गया है। आज हम इस परिशिष्ट के माध्यम से आप सभी को इन पक्षियों के जीवन को बचाने के लिए आग्रह करते हैं कि अपने आस-पास सुरक्षित स्थान पर पानी का बर्तन रखें एवं घर की बालकनी में सोन चिरैया को घोंसला बनाने का स्थान दें। हमें पूर्ण आशा है कि आपके थोड़े से प्रयास से अपने महानगर में कुछ ही वर्षों में फिर से सोन चिरैया की चहचहाहट सुन सकेंगे। घर के आंगन को आप नहीं समझेंगे तो कौन समझेगा।



### जीवन को सार्थक बनाएं



रीतिक वधवा
पूर्व प्रदेश सह मीडिया
प्रमुख भाजपा

जरा सोचिए! आज पक्षियों की चहचहाहट हम क्यों नहीं सुन पाते 10 वर्ष पहले यह पक्षी अपनी चहचहाहट हर जगह सुनाते थे, फुदक-फुदक दाना खाते, इठलाते हुए आकाश में विचरते थे, लेकिन आज इन पक्षियों को अपने प्राणों का संकट हो गया है। आज यह पक्षी अपने जीवन को स्वच्छ पानी के अभाव में खोते जा रहे हैं। अगर हम सभी मिलकर अपने परिसर में दाना-पानी उपलब्ध करायें तो अवश्य ही इन पक्षियों का जीवन बचाया जा सकता है। सुबह-सुबह अगर अपनी छत पर पक्षियों को दाना खाते हुए, पानी पर करतब करते हुए फुदकते हुए देखेंगे तो अवश्य ही हम चाहें कितने भी तनाव में हों हमारा हृदय अवश्य ही प्रफुल्लित हो जायेगा।



### बनवाएं बर्ड होम (घोंसले)



एडवोकेट प्रिया लेघां
कोषाध्यक्ष
बार एसोसिएसन, भिवानी

चिड़ियों को शरण देना भी पुण्य का काम है। भीषण गर्मी में घर की बालकनी या गार्डन में आप इन्हें शरण दे सकते हैं। इसकी शुरूआत आप अपने घर से ही करें। पक्षियों, को शरण देने का प्रयास किया जा सकता है। आप भी कुछ बर्ड होम (घोंसले) बनवाकर पेड़ों पर लटकवायें। इनमें निश्चित रूप से पक्षियों का बसेरा होगा और उन्हें नया जीवन मिलेगा। लकड़ी के बने इन बर्ड होम को इस तरह बनवायें, ताकि इनमें पक्षियों को अपना घोंसला बनाने में कोई कठिनाई न हो। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में ये बर्ड होम पूरी तरह से बस जाएंगे। तब एक नये कल की शुरूआत होगी।



### पक्षियों के लिए स्वच्छ जल जरूरी



विजय किशन धारेडू वाले
ट्रस्टी, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट प्रधान
सर्राफा एसोसिएशन भिवानी

चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिये जहां लोग कूलर, पंखे एवं एसी का सहारा लेते हैं। वहीं ये बेजुबान पक्षी चिलचिलाती गर्मी में स्वयं की प्यास बुझाने के लिये पर्याप्त जल भी नहीं पाते। इसके लिये सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप इनके लिये दाना-पानी की व्यवस्था रखें। मिट्टी के बर्तन को ऐसी जगह रखें जहां पर्याप्त जल हो व छांव भी हो और वे दूर से इसे पहचान सकें।

### ये जमीं तेरे बिन सूनी रह जाएगी



संजय देवसरिया
सरपंच, देवसर

छात्रों को नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाने में हम आज जितनी भी कहानियों का जिक्र करते हैं जैसे- 'एकता में शक्ति' इत्यादि में आप सभी ने यह कहानी जिसमें 'सोन चिरैया' शिकारी के जाल में फंस जाती है और फिर सब मिलकर उड़ जाती हैं। बच्चों के नैतिक मूल्यों के निर्माण में यह कहानी विशेष योगदान देती है। इस कहानी में इन पक्षियों को क्यों लिया गया शायद इसका कारण इनका सर्वसुलभ होना था। आज 3 से 7 आयु वर्ग के कुछ बच्चों ने तो शायद ही सोन चिरैया देखी हो, दिनों दिन इनकी संख्या घटती जा रही है, यदि आज हमने ध्यान नहीं दिया तो शायद इसका अस्तित्व ही समाप्त हो जाए। हम सभी अगर अपने जीवन में एक वृक्ष लगाने का संकल्प लें तो इन बेजुबान पक्षियों का आश्रय संकट निश्चय ही समाप्त हो जायेगा, छतों पर पानी का बर्तन रखें तो उनकी प्रजाति दिन दोगुनी, रात चौगुनी रफ्तार से बढ़ेगी ऐसा मेरा मानना है।

### याद आता है पक्षियों का चहचहाना



मनीष टूटेजा
विजय इलेक्ट्रोनिक्स
भिवानी

पक्षियों का झुण्डों में उड़ना, चिड़िया का रेत में नहाना, अपने- अपने सुर में गाना, मोर का नाचना, कोयल की कूक, तीतर के बोल ये सब बीते जमाने की बातें रह गई हैं। मानव की आधुनिकता की अंधी दौड़ ने यह सब विनाश कर दिया है। खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव, पेड़ों की अंधा-धुंध कटाई, हाई टेंशन तारें, मोबाईल के टावरों से, निकलने वाली हाई पॉवर गामा किरणें जिन्होंने इन प्यारे रंग- बिरंगे पक्षियों की जान ले ली है। कुछ बचे है उन्हें दाना पानी की दिक्कत है अतः मेरा आप सब से अनुरोध है कि आप इन बचे हुए पक्षियों के संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। गर्मियों में इन्हें पीने के स्वच्छ पानी का प्रबन्ध व खाने को दाने का व रहने को घोसलों का प्रबन्ध कर सकते है।



### एक हमारा प्रयास भी



संजय कामरा
सचिव
नन्दबाबा सेवा समिति

पक्षी भी पतंग की तरह से उड़ता है। आने वाली तपती गर्मी के समय में पारा 45 डिग्री से ऊपर तक पहुंच जाता है। गर्मी की तपन से बचने का प्रयास तो व्यक्ति कर ही लेता है। लेकिन बेजुबान पक्षियों के लिये गर्मी मौत के समान होती है। गर्मी में तापमान बढ़ने पर पक्षियों को प्यास अधिक लगती है व जल के पास समय से न पहुंचने के कारण पक्षी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ते हैं आइए हम सब मिलकर पक्षियों के लिये जल की पूर्ण व्यवस्था करें, और उनका जीवन बचाएं। अगर पक्षियों को आपके घर आंगन में दाना-पानी मिलता है तो वे निश्चित रूप से रोजाना आएंगे और प्रकृति की छटा आपको हर सुबह नजर आएगी। इन पक्षियों की अठखेलियां और चहचहाहट से आपके दिन की सुंदर शुरुआत होगी।

